प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 02.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश की नई औद्योगिक नीति एक नवंबर से लागू–कोरबा, बिलासपुर और रायपुर में मध्य भारत का उन्नत औद्योगिक कॉरीडोर तैयार किया जाएगा।

2– रायगढ़ जिले में आगामी चार दिसंबर से होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए अभ्यर्थियों को जारी किए गए प्रवेश पत्र।

3– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर ओलंपिक दो हजार चौबीस के लोगो और शुभंकर का किया अनावरण।

4– राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।

..........................................................................

<u>नई औद्योगिक नीति–लागू</u>

प्रदेश की नई औद्योगिक नीति कल एक नवंबर से लागू हो गई है। बीते अट्ठाईस अक्टूबर को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में नई नीति को मंजूरी दी गई थी। यह नीति इकतीस मार्च दो हजार तीस तक के लिए लागू की गई है। नई नीति में तय किया गया है कि सर्विस सेक्टर के उद्योग स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योग लगाने के लिए कई वर्ग को खास छूट भी दी जाएगी।

राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति में ब्याज अनुदान, लागत पूंजी अनुदान, स्टांप शुल्क छूट, विद्युत शुल्क छूट, वैल्यू एडेड टैक्स का प्रावधान किया है। नई नीति में मंडी शुल्क छूट, दिव्यांग रोजगार अनुदान, पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान, परिवहन अनुदान, नेट राज्य वस्तु और सेवा कर में भी छूट देने के प्रावधान हैं।

नई औद्योगिक नीति में विकासखंडों को तीन समूहों में बांटा गया है। जिसके तहत पहला समूह विकासशील का है। इसमें दस विकासखंड हैं, जहां उद्योगों का काम हो रहा है। दूसरा समूह ऐसा है जहां काम

हुआ, लेकिन कम हुआ। इसमें इकसठ विकासखंड हैं। वहीं, तीसरा पचहत्तर विकासखंड का समूह है जहां औद्योगिक मामले में अति पिछड़ापन है, जहां कोई काम नहीं हुआ ऐसी जगह पर उद्योग विकास की दिशा में काम करने की तैयारी है।

........................................................................

अग्निवीर भर्ती–एडमिट कार्ड

प्रदेश के रायगढ़ जिले में आगामी चार दिसंबर से होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश के सभी तैंतीस जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेडसमेन के लिए भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली बारह दिसंबर तक चलेगी।

गौरतलब है कि सेना द्वारा बीते बाईस अप्रैल से तीन मई तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र वेबसाइट और

उनकी ई–मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड और सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार लेकर आना है। साथ ही आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है।

अभ्यर्थी रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

........................................................................

बस्तर ओलंपिक–लोगो अनावरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बस्तर ओलंपिक दो हजार चौबीस के लोगो और शुभंकर का अनावरण किया। उन्होंने इसके सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। लोगो और शुभंकर में बस्तर की संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिल रही है। पहाड़ी मैना और वन भैंसा बस्तर ओलंपिक के शुभंकर बनाए गए हैं।

बस्तर ओलंपिक वन्य जीव संरक्षण को समर्पित किया गया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, खेल और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद थे।

गौरतलब है कि एक नवंबर से शुरू हुए इस आयोजन में बीस नवंबर तक विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं, इक्कीस से पच्चीस नंवबर तक जिला स्तरीय और छब्बीस से तीस नवंबर के बीच सभांग स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी। बस्तर ओलंपिक में एथेलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो–खो, व्हालीबॉल और रस्साकशी जैसे खेलों को शामिल किया गया है।

........................................................................

नकली नोट–गिरफ्तार

कोंडागांव जिले की फरसगांव पुलिस ने नकली नोट की आपूर्ति करने के मामले में एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच–पांच सौ के नौ नकली नोट बरामद किए हैं। आरोपी उत्तराखंड का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि पूर्व में नकली नोट के मामले में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर इस अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है।

........................................................................

स्थापना दिवस–दीप प्रज्ज्वलन

छत्तीसगढ़ राज्य की चौबीसवीं वर्षगांठ और दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल नया रायपुर के एकात्म पथ पर आयोजित ग्यारह हजार दीपों के प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य अपनी समृद्ध संस्कृति और विविधता के साथ देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह दिन राज्य के लोगों के लिए गर्व और उत्सव का अवसर है।

........................................................................

राज्योत्सव

तीन दिवसीय राज्योत्सव चार से छह नवंबर तक नवा रायपुर के मेला मैदान में आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगे।

वहीं, पांच नवंबर को राज्यपाल रमेन डेका राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। छह नवंबर को राज्योत्सव और अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

........................................................................

गोवर्धन पूजा

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन गौ–माता की पूजा की जाती है और उसे भोग अर्पित किया जाता है। राजधानी रायपुर के प्राचीन दूधाधारी मठ में भी अन्नकूट और गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों से भी अन्नकूट और गोवर्धन पूजा का पर्व मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गोवर्धन पूजा के अवसर पर अपने निवास की गौशाला में गौवंश की पूजा–अर्चना की और उन्हें अपने हाथों से खिचड़ी और गुड़ खिलाया। उन्होंने इस मौके पर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी।

इधर, महासमुंद जिले के लाफिनकला गांव में गोवर्धन पूजा और सामूहिक दीपोत्सव का अनूठा आयोजन किया जा रहा है। गांव के सभी महिला–पुरूष एक मंच पर एकत्रित होकर परंपरागत सामूहिक गोवर्धन पूजा मनाकर एकता और भाईचारा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इस मौके पर गाय–बैल को खिचड़ी खिलाई गई।

गौरतलब है कि प्रदेश में कल भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा।

..............................................................................

दुर्घटना

राजनांदगांव जिले में अनियंत्रित दुपहिया वाहन खंभे से टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन पारा के रहने वाले दोनों युवक आज सुबह मोटर सायकल में घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान नगर निगम के सामने मोटर सायकल अनियंत्रित होकर बिजली खंभे से टकरा गई। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

..............................................................................

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''दुर्ग'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

..............................................................................

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल..

प्रदेश में इस महीने बारिश की गतिविधियां सामान्य से कम रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी प्रदेश में सामान्य से कम रहने की संभावना है। रायपुर स्थित मौसम विभाग के विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि राज्य में शुष्क हवाओं के कारण मौसम शुष्क रहने के आसार है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>